# विक्रम विश्वविद्यालय, उज्जैन

दूरभाष नं. कुलसचिव कार्यालय 0734-2514277 मों. नं. 9425788123

क्रमांक / भंडार / 2023 / 707 दिनांक : 05/10/23

## परीक्षाओं की लिखित उत्तर–पुस्तिकाओं, समाचार पत्रों एवं अन्य रद्दी, कतरन आदि विक्रय के लिये ई–निविदा विज्ञप्ति

विक्रम विश्वविद्यालय द्वारा परीक्षाओं की लिखित उत्तर–पुस्तिकाओं, समाचार पत्र, मेग्नीज, ब्रोशर, पत्रिकाएं, प्रास्पेक्ट्स प्रेस के कागज की कतरने एवं अन्य रद्दी आदि विक्रय किये जाने के लिए इच्छुक क्रेताओं से मुहरबंद ई–निविदाएं आमंत्रित की जाती है :–

| | |
|---|---|
| टेण्डर फार्म आनलाइन द्वारा क्रय करने की तिथि | : दिनांक 06.10.2023 से 26.10.2023 समय 17:00 बजे तक |
| आनलाइन बिड भरने की तिथि | : दिनांक 06.10.2023 से 26.10.2023 समय 17:00 बजे तक |
| विश्वविद्यालय में निविदा प्राप्त होने की अंतिम दिनांक | :दिनांक 27.10.2023 को कार्यालयीन समय में अथवा इसके पूर्व (स्पीडपोस्ट / स्वयं द्वारा) प्राप्त हो जाने चाहिये। |
| निविदा (तकनीकी बिड) खोलने की तिथि | : दिनांक 30.10.2023 को अपरान्ह् 03.00 बजे। |
| निविदा प्रपत्र का मूल्य आनलाइन जमा करें | : 2000/– (रूपये दो हजार मात्र) वापसी योग्य नही। |
| धरोहर राशि | : 1,00,000/– (रूपये एक लाख मात्र) |

**नोट** :– ई–निविदा में किसी भी प्रकार का संशोधन समाचार पत्र के माध्यम से नहीं किया जावेगा, यह केवल http:// **www. mptenders.gov.in** पर ही प्रकाशित किया जावेगा ।

आदेशानुसार

कुलसचिव

# विक्रम विश्वविद्यालय, उज्जैन

## परीक्षाओं की लिखित उत्तर–पुस्तिकाओं, समाचार पत्रों एवं अन्य रद्दी कतरन आदि विक्रय के लिये ई–निविदा की शर्तें

इस विश्वविद्यालय द्वारा :–

(क) परीक्षाओं की लिखित उत्तर–पुस्तिकाओं की रद्दी।

(ख) समाचार पत्रों, मेग्जीन, पत्रिकाओं की रद्दी। प्रास्पेक्ट्स, बुक लेट्स, फार्मस एवं अन्य कागज की रद्दी। तथा प्रेस के कागजों की कतरनें आदि विक्रय किये जाने के लिये मुहरबंद ई–निविदाएं निम्नलिखित शर्तों के अधीन आमंत्रित की जाती है :–

1. आनलाईन द्वारा ई–निविदा फार्म http:// **www. mptenders.gov.in** भरा जाएगा जिसका मूल्य रुपये 2000/– (वापसी योग्य नहीं) आनलाइन रसीद संलग्न करना अनिवार्य है।
2. भरे हुए ई–निविदा प्रपत्र सील्ड लिफाफे में दिनांक 27.10.2023 को कार्यालयीन समय में अथवा इसके पूर्व केवल स्पीड पोस्ट/स्वयं द्वारा से कुलसचिव , विक्रम विश्वविद्यालय, कोठी रोड़ उज्जैन के कार्यालय में कार्यालयीन समय में कार्य दिवसों में पहुंच जाना चाहिए। डाक व्यवस्था में विलंब के लिए विश्वविद्यालय प्रतिश्रुत एवं उत्तरदायी नहीं होगा। लिफाफे के ऊपर बड़ें अक्षरों में रद्दी क्रय हेतु निविदा लिखना अनिवार्य रहेगा।
3. प्राप्त निविदाएं दिनांक 30.10.2023 को माधव भवन, विक्रम विश्वविद्यालय, उज्जैन में अपरान्ह 03:00 बजे गठित समिति द्वारा खोली जायेगी। निविदाकार इस समय उपस्थित रह सकते हैं।
4. निविदा दर प्रपत्र के साथ अर्नेस्ट मनी के रूप में निम्नानुसार राशि जमा कराना आवश्यक होगा। रद्दी के लिये रुपये 1,00,000/– का बैंक ड्राफ्ट कुलसचिव, विक्रम विश्वविद्यालय, उज्जैन के पक्ष में देय हो जिसे निविदा प्रपत्र के साथ संलग्न करना अनिवार्य होगा। जिन निविदाकारों की निविदा स्वीकार नहीं होंगी, उनकी अर्नेस्ट मनी आवेदन करने पर वापस कर दी जावेगी।
5. केवल ऐसे क्रेता ही निविदा प्रस्तुत करें, जो रद्दी से कागज बनाते हैं अथवा विश्वविद्यालय से क्रय की गयी रद्दी सीधे किसी पेपर मिल को भेजेंगे। निविदाकार को ऐसा अभिवचन पत्र शपथपत्र पर देना होगा।
6. निविदाकार को रद्दी विश्वविद्यालय के भंडार गृह, मुद्रणालय तथा विश्वविद्यालय परिसर में स्थित विश्वविद्यालय की किसी भी अध्ययनशाला/संस्थान से अपने व्यय से उठाना पड़ेगी। रद्दी के बोरे भरने, गाड़ी या ट्रक में चढ़ाने, इलेक्ट्रानिक तोल काटे पर खाली गाड़ी/ट्रक को तुलवाने, रद्दी भरने के बाद गाड़ी/ट्रक को तुलवाने का व्यय भार संबंधित फर्म को स्वंय उठाना होगा। विश्वविद्यालय द्वारा इस संबंध में कोई भुगतान नहीं किया जावेगा।

7. निविदाकार को रद्दी भरने के पूर्व खाली (रिक्त) एवं रद्दी भरने के पश्चात् गाड़ी/ट्रक को विश्वविद्यालय द्वारा अधिकृत अधिकारियों एवं कर्मचारियों की समिति के सदस्यों की उपस्थिति में इलेक्ट्रानिक तोल काटे पर तुलवाना होगा। तुलाई की दो रसीदें बनवानी होंगी। दोनों रसीदों पर निविदाकार एवं विश्वविद्यालय द्वारा अधिकृत अधिकारियों/कर्मचारियों के हस्ताक्षर होंगे। तुलाई की ऐसी एक रसीद निविदाकार अपने पास रखेगा तथा एक रसीद विश्वविद्यालय भंडार अधीक्षक के पास रहेगी।
8. निविदाकार को रद्दी भरने के पूर्व भरी जाने वाली रद्दी का, स्वीकृत निविदा दर के अनुसार अनुमानित मूल्य की राशि नकद में विश्वविद्यालय केश काउन्टर पर जमा करना होगी। ऐसी रसीद प्रस्तुत करने पर ही निविदाकार को रद्दी, गाड़ी/ट्रक में भरने दी जावेगी। रद्दी भरने के बाद ट्रक का तौल कराने के बाद यदि ट्रक में भरी गई रद्दी का मूल्य निविदाकार द्वारा जमा करायी गई राशि से अधिक होगा, तो अन्तर राशि तत्काल में निविदाकार को विश्वविद्यालय केश काउण्टर पर नगद में जमा करवानी होगी, अन्यथा भरी हुई रद्दी का ट्रक अन्तर राशि जमा होने तक विश्वविद्यालय द्वारा रोके रखा जाएगा।
9. निविदाकार को निविदा स्वीकृति की लिखित सूचना विश्वविद्यालय द्वारा दी जावेगी। ऐसी सूचना के एक सप्ताह के अन्दर निविदाकार को रुपये 500/– के नान–ज्यूडीशियल स्टाम्प पेपर पर निविदा शर्तों के अनुरूप अनुबंध पत्र पर हस्ताक्षर करना होगें। इसके पश्चात् ही विश्वविद्यालय द्वारा निविदाकार को रद्दी उठाने का कार्य आदेश दिया जायेगा। निविदाकार को विश्वविद्यालय द्वारा दिये गये कार्य आदेश के अनुसार निर्धारित अवधि में रद्दी उठानी पड़ेगी।
10. निविदा एवं अनुबंध की शर्तों का उल्लघंन करने पर निविदाकार द्वारा जमा की गयी अर्नेस्ट मनी विश्वविद्यालय द्वारा जब्त (फारफीट) कर ली जाएगी तथा विश्वविद्यालय किसी भी अन्य क्रेता को रद्दी विक्रय करने के लिए स्वतंत्र होगा।
11. निविदा में स्वीकृत रद्दी विक्रय की दरें, अनुबंध दिनांक से एक वर्ष तक मान्य रहेंगी और इस दर पर निविदाकार को रद्दी क्रय करनी होगी। दोनों पक्षों की सहमति से इस अवधि को बढ़ाया जा सकेगा।
12. निविदाकार के लिये निविदा भरने के निर्देशों का पालन करना अनिवार्य है। निर्देशों के अनुसार लिफाफा 'ए' में अर्नेस्ट मनी की रसीद/बैंक ड्राफ्ट एवं अन्य कागजात रखें। सर्वप्रथम लिफाफा 'ए' खोला जावेगा, उसमें अर्नेस्ट मनी एवं शर्तोनुसार कागजात पाये जाने पर ही कामर्शियल बिड खोली जाएगी।
13. किसी भी निविदा को बिना कारण बताए निरस्त/अस्वीकृत करने का अधिकार कुलसचिव, विक्रम विश्वविद्यालय, उज्जैन को होगा।
14. किसी भी विवाद की स्थिति में कुलपति, विक्रम विश्वविद्यालय का निर्णय अंतिम एवं मान्य होगा।
15. न्यायिक क्षैत्राधिकार जिला न्यायालय, जिला उज्जैन का होगा।

आदेशानुसार

कुलसचिव

**विक्रम विश्वविद्यालय, उज्जैन**

**<u>परीक्षाओं की लिखित उत्तर–पुस्तिकाओं, समाचार पत्रों एवं अन्य रद्दी, कतरन आदि विक्रय के लिये टेक्निकल बिड</u>**

**<u>("लिफाफा–ए" टेक्नीकल बिड में रखा जाएगा)</u>**

1. फर्म का नाम : ........................................................................
2. प्रोप्राइटर का नाम : ........................................................................
3. फर्म का पता : ........................................................................
4. दूरभाष क्रमांक : ........................................................................
5. धरोहर राशि (EMD) का विवरण : राशि रू. ...................... ड्राफ्ट क्रं. ...............
   दिनांक ................ बैंक का नाम ................
6. GST का प्रमाण पत्र की सत्यापित छायाप्रति संलग्न करें : ........................................................
7. फर्म का आयकर विभाग द्वारा जारी PAN नं. अंकित करें। (कृपया प्रमाणपत्र की सत्यापित छायाप्रति संलग्न करें) :..............................................................
8. अंतिम तीन वर्षो के एसेसमेंट के इन्कम टैक्स रिटर्न की प्रति संलग्न करें। : ..................................................................
9. क्या फर्म निविदा की शर्तों के अनुसार कार्य करने हेतु सहमत है। : ......................................................................
10. फर्म के प्रतिनिधि का नाम एवं टेलीफोन नंम्बर जिनसे कार्य के संबंध में संपर्क किया जा सकता है। : ........................................................
    : ........................................................
11. फर्म के कार्यालय का फोन नंबर : ........................................................
12. फर्म के कार्यालय का फैक्स नंबर : ......................................................
13. फर्म से संपर्क हेतु e-mail ID : ............................................................

निविदाकर्ता के हस्ताक्षर

नाम ...............................

सील ...............................

**नोटः–** संलग्न किये गये प्रमाण पत्रों पर सत्यापन स्वरूप निविदाकर्ता के हस्ताक्षर एवं सील अनिवार्यतः लगायें।

# विक्रम विश्वविद्यालय, उज्जैन
## परीक्षाओं की लिखित उत्तर–पुस्तिकाओं, समाचार पत्रों एवं अन्य रद्दी, कतरन आदि विक्रय के लिये ई–निविदा की कामर्शियल बिड

| क्रं. | उ.पु. एवं अन्य क्रय | प्रति क्विंटल दर |
|---|---|---|
| 1 | परीक्षाओं की लिखित उत्तर–पुस्तिकाओं की रद्दी | रुपये ———— प्रति क्विंटल |
| 2 | समाचार पत्रों, मेग्जीन, पत्रिकाओं प्रास्पेक्ट्स, बुक लेट्स, परीक्षा फार्मस एवं अन्य रद्दी | रुपये ———— प्रति क्विंटल |
| 3 | मुद्रणालय से विभिन्न प्रकार की कतरन आदि | रुपये ———— प्रति क्विंटल |

**नोट :– मुझे निविदा की समस्त शर्तें मान्य एवं स्वीकार हैं।**

**हस्ताक्षर निविदाकार**